पाठ 1 बढ़े चलो

मौखिक प्रश्न

(क) क्या हमें मुश्किलें देखकर हार मान लेनी चाहिए

उत्तर- मुश्किलें देखकर हमें हार नहीं माननी चाहिए

(ख) यदि साथी हमारा साथ छोड़ दे तो हमें क्या करना चाहिए

उत्तर- यदि साथी हमारा साथ छोड़ दे तो हमें अकेले ही आगे बढ़ना चाहिए।

(ग) कवि ने हमें क्या करने के लिए कहा है

उत्तर- कवि ने सभी परेशानियों और दुविधाओं को छोड़कर आगे बढ़ने के लिए कहा है।

सही गलत

सही उत्तर के सामने ठीक का निशान लगाइए

(क) हमें थक कर क्यों नहीं ठहरना है

- क्योंकि अभी हमारी मंजिल नहीं आई है ✓

(ख) रास्ते में कांटे बिछे होने का अर्थ है

- जीवन में कठिनाइयां या दुख होना ✓

(ग) यदि हमारे साथ ही पीछे छूट जाएं तो

- हमें अकेले ही आगे बढ़ते रहना चाहिए ✓

पाठ बोध

(क)कविता की पंक्तियां पूरी कीजिए

साथी पीछे छूट गए तो बढ़े चलो ।

एक अकेले तुम ही काफी, चले चलो।

2. दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए

(क) पथरीली राहों का क्या अर्थ है

उत्तर- पत्थरों वाला रास्ता यानी मुश्किलों भरा जीवन।

(ख) हमें आगे क्यों बढ़ते रहना चाहिए

उत्तर- अपनी मंजिल तक पहुंचने और सुख के दिन लाने के लिए हमें आगे बढ़ते रहना चाहिए

(ग) कविता में कवि ने हमें क्या प्रेरणा दी है

उत्तर- इस कविता में कवि ने हमें साहस और धैर्य से मुश्किलों का सामना करते हुए लगातार आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी है

3. आइए विचार करें

इस कविता में हमें कौन-कौन सी सीख दी गई है सही✓ का निशान लगाइए

(क) हमें जीवन में हिम्मत नहीं हारनी चाहिए(✓)

(ख) जीवन में कितना भी दुख क्यों ना आए हमें हार नहीं माननी चाहिए(✓)

(ग) हमें सब के साथ आगे बढ़ना चाहिए(✓)

(घ) हमें जीवन में लगातार आगे बढ़ना चाहिए(✓)

भाषा से

नीचे दिए गए शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए

1. **राह - रास्ता**
2. **दिन- दिवस**
3. **जग- संसार**
4. **फूल- सुमन**

जिन शब्दों के अर्थ समान होते हैं उन्हें पर्यायवाची शब्द कहते हैं

2. नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए

1. **दुख- सुख**
2. **आगे- पीछे**
3. **छोड़ना- पकड़ना**
4. **काम- आराम**

जिन शब्दों के अर्थ एक दूसरे के उल्टे होते हैं उन्हें विलोम शब्द कहते हैं उदाहरण तोड़ना- जोड़ना

3. पढ़िए समझिए और लिखिए

1. **हिम्मत+ई - हिम्मती**
2. **साथ+ई - साथी**
3. **पहाड़+ई - पहाड़ी**
4. **साहस+ई - साहसी**

5. **दुख+ई - दुखी**
6. **राह+ई - राही**